# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार।
# कार्यालय– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

बाईपास रोड, बुधौल बस स्टैण्ड के पश्चिम, बुधौल, नवादा (805112)
दूरभाष नं0–06324–217078, 8294860551, email :- dfonawada@rediffmail.com

पत्रांक – ................ नवादा, दिनांक – /01/2025

प्रेषक,

श्रेष्ठ कुमार कृष्णा, भा0व0से0
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
पटना।

विषय :– अल्पकालीन निविदा सूचना संबंधी विज्ञापन का प्रकाशन।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक – 52 दिनांक – 07.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि नवादा वन प्रमण्डल, नवादा अन्तर्गत ककोलत जलप्रपात परिसर में अवस्थित एवं नवनिर्मित दो शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव हेतु अपरिहार्य कारणवश अल्पकालीन निविदा सूचना का पुनः प्रकाशन किया जाना है। विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्रकाशन सामग्री भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इसे राज्य के प्रमुख समाचार–पत्रों में पुनः प्रकाशित कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुः यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

ज्ञापांक – ..................... दिनांक – /01/2025

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, नवादा को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुः यथोक्त।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

ज्ञापांक – 162 दिनांक – 16 /01/2025

प्रतिलिपि :– परामर्शी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, विभाग, बिहार सरकार को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा संबंधी सामग्री की सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

अनुः यथोक्त।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

430
22/01/25

Vikash/NiwidaLetter 03-01-2025

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

## कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं०– 04/2024–25

ककोलत जलप्रपात परिसर अवस्थित 02 (दो) शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव हेतु पूर्व में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार निविदा आमंत्रित की गई तथा तय तिथि 16.01.2025 को प्रमण्डलीय कार्यालय, नवादा में प्रमंडलीय निविदा समिति की बैठक आहुत की गई। कुल 05 (पाँच) निविदादाताओं का निविदा पत्र प्राप्त हुआ, जिनमें से दो निविदादाता द्वारा अपना–अपना निविदा वापस ले लिया गया। अवशेष 03 (तीन) प्राप्त निविदा को प्रमण्डलीय निविदा समिति के द्वारा निविदाताओं की उपस्थिति में खोला गया एवं समिति द्वारा उसकी समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त एक निविदादाता तकनीकी रूप से अयोग्य पाये गये तथा मात्र दो निविदादाता ही तकनीकी रूप से योग्य पाये गये। फलस्वरूप आहूत निविदा को निविदा समिति द्वारा रद्द करते हुए दिनांक – 28.01.2025 को पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। प्रमण्डलीय निविदा समिति द्वारा सर्व सम्मति से पारित निर्णय के आलोक में निविदा सं0 – 04/2024–25 के परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि, निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में आंशिक रूप से निम्नवत विस्तारित करते हुए लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में पुनः प्रकाशन की कार्रवाई की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम पता | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा। |
| 3. | परिमाण बिक्री के आरंभ की तिथि | 21.01.2025 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से कार्य अवधि में। |
| 4. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.01.2025 को 04.00 बजे अपराह्न तक कार्य अवधि में। |
| 5. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 28.01.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक कार्य अवधि में। |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 28.01.2025 को 12.00 बजे अपराह्न |

नवादा वन प्रमंडल अंतर्गत ककोलत जलप्रपात में बने 02 (दो) शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव हेतु दिनांक – **28.01.2025** को निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र० सं० | निविदा का विवरण | अग्रधन की राषि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | ककोलत जलप्रपात परिसर में बने 02 (दो) शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव संचालन हेतु। | रु.50,000/– | रु. 1,000/– |

ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने हेतु दो शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के संचालन एवं रख–रखाव हेतु संचालकों से सील बन्द निविदा विहित प्रपत्र में दिनांक – 28.01.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमंडल, नवादा के कार्यालय कक्ष में आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के लिये दिनांक– 27.01.2025 को अपराह्न 04:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य अवधि में रु० 1,000/– (एक हजार रूपये) मात्र का भुगतान कर विहित प्रपत्र (निविदा फार्म) प्राप्त किये जा सकते हैं या बेबसाईट *www.forest.bih.nic.in* से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर समर्पित करने की स्थिति में प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 1,000/– (एक हजार) का डिमांड ड्राफट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा के साथ अग्रधन के रूप में शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क संचालन एवं रख–रखाव हेतु रुपये 50,000/– का बैंक ड्राफ्ट, जो Divisional Forest Officer, Nawada Forest Division, Nawada/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा के पदनाम से नवादा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। शौचालय ब्लॉक एवं चिल्ड्रेन पार्क के लिये तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में समर्पित करना होगा।

अधिक जानकारी प्राप्त करने या निविदा प्रपत्र के क्रय हेतु वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा के कार्यालय से अथवा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वेबसाईट *www.forest.bih.nic.in* पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।